देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 12.11.2024
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड आने वाले पर्यटकों से राज्य में स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया।
- प्रदेश में स्पा, मसाज पार्लर और फिजियोथेरेपी सेंटर के लिए एसओपी तैयार की गई।
- इगास बग्वाल का त्योहार प्रदेश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है।
- देहरादून में ट्रक और कार की टक्कर में छह लोगों की मृत्यु।

आग्रह

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड आने वाले पर्यटकों से राज्य में स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया है। हरिद्वार में आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम में हिस्सा लेने के बाद वे पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

हर की पैड़ी में कल शाम आयोजित दीप महोत्सव कार्यक्रम में तीन लाख से अधिक दीये जलाए गए। इस दौरान बद्रीनाथ धाम, केदारनाथ धाम, कुंभ कलश, भगवान शिव और मां गंगा पर आधारित एक ड्रोन शो भी आयोजित किया गया।

उधर, बागेश्वर में भी नमामि गंगे परियोजना के तहत सरयू, गोमती नदी के संगम के किनारे स्थित बागनाथ मंदिर घाट पर दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित किया। सभी श्रद्धालु गंगा आरती में शामिल हुए और उन्होंने गंगा की स्वच्छता बनाये रखने की शपथ ली।

महिला आयोग

राज्य महिला आयोग ने प्रदेश में स्पा, मसाज पार्लर और फिजियोथेरेपी सेंटर के लिए एक नई मानक संचालन प्रक्रिया– एसओपी तैयार की है। इसे लागू करने के लिए शासन स्तर पर भेजा गया है। देहरादून में आयोजित पत्रकार वार्ता में आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मसाज पार्लर, स्पा सेंटर और फिजियोथेरेपी सेंटर का पंजीकरण अनिवार्य रूप से किया जाएगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि कर्मचारी संबंधित क्षेत्र में डिग्री या डिप्लोमा प्रशिक्षित होने के साथ ही बालिग हों। इसके अलावा स्पा में रखे जाने वाली महिला या पुरुष कर्मचारियों का नजदीकी थाने में सत्यापन भी किया जाएगा।

श्रीमती कण्डवाल ने कहा कि राज्य महिला आयोग, महिला सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। महिला अधिकारों और सुरक्षा के विभिन्न मुद्दों पर आयोग दृढ़ता से काम कर रहा है। इस दौरान उन्होंने आयोग द्वारा किये जा रहे कार्यों का ब्यौरा रखने के साथ ही आयोग की उपलब्धियां भी गिनाईं।

कार्यशाला

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान आज राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सचिवों के साथ उच्च और तकनीकी शिक्षा पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने के लिए विभिन्न दृष्टिकोणों और पद्धतियों का प्रसार, रूपरेखा और कार्यान्वयन रणनीतियों को प्रभावी ढंग से लागू करना है।

सम्मान

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने राज्य स्थापना दिवस पर पुलिस लाइन में आयोजित रैतिक परेड का नेतृत्व करने वाली महिला कमांडरों को राजभवन में सम्मानित किया। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि मातृशक्ति को परेड का नेतृत्व करते देखना अत्यंत गर्व का क्षण रहा। उन्होंने कहा कि महिलाएं अब हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही हैं और यह नारी सशक्तीकरण का उत्कृष्ट उदाहरण है।

राज्यपाल ने सभी महिला परेड कमांडरों, अश्व दल मार्च पास्ट की महिला घुड़सवारों और हिम रक्षक डेयरडेविल्स डेमो की 17 प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने परेड के दौरान और परेड से पूर्व की तैयारियों और प्रशिक्षण के अनुभवों को साझा किया।

इगास बग्वाल

प्रदेश में आज इगास बग्वाल का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इगास, दीपावली के 11वें दिन एकादशी को मनाया जाता है। पर्वतीय क्षेत्रों में इगास–बग्वाल मनाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड से लोकसभा सांसद अनिल बलूनी के नई दिल्ली आवास पर कल आयोजित इगास महोत्सव में भाग लिया। इगास उत्तराखंड का पारंपरिक प्रकाश पर्व है जो दीपावली के 11 दिन बाद मनाया जाता है।

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को इगास की शुभकामनाएं दी हैं। इगास पर जारी अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड की लोक कला, संस्कृति और परंपराएं अत्यंत समृद्ध हैं।

उन्होंने सभी लोगों से अपने गांव–घर जाकर इस पर्व को पूरे उत्साह के साथ मनाने और सांस्कृतिक धरोहर का सम्मान करते हुए इगास–बग्वाल की परंपरा को जीवंत बनाए रखने का आह्वान किया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी इगास पर जारी संदेश में प्रदेशवासियों से लोकपर्वों का संरक्षण करने की अपील की है।

<u>सौगात</u>

राज्य सरकार ने इगास पर्व पर चिकित्साधिकारियों को स्पेशल एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन योजना (एसडीएसीपी) की मांग पूरी कर बड़ी सौगात दी है। इसका लाभ प्रांतीय चिकित्सा सेवा संवर्ग के उन चिकित्साधिकारियों को मिलेगा, जिन्होंने पर्वतीय व दुर्गम क्षेत्रों में अपनी निर्धारित सेवा अवधि पूरी कर ली है।

स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने इस संबध में आदेश जारी करते हुए एसडीएसीपी से लाभांवित होने वाले चिकित्सकों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से चिकित्सकों की एसडीएसीपी देने की मांग थी।

<u>दुर्घटना</u>

राजधानी देहरादून में देर रात ओ.एन.जी.सी चौक के समीप ट्रक और कार की टक्कर में छह लोगों की मृत्यु हो गई और एक अन्य घायल हो गया। घायल की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि ट्रक ड्राइवर दुर्घटना के बाद फरार हो गया।

<u>लाईसेंस निलंबित</u>

अल्मोड़ा के मार्चुला में चार नवम्बर को हुई सड़क दुर्घटना में घायल मरीज से एंबुलेंस चालक द्वारा धनराशि लिए जाने के प्रकरण को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। इस एम्बुलेंस का लाईसेंस तीन महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है और चालक का इस अवधि में वाहन का संचालन अवैध होगा।

बैठक

केदारनाथ उपुचनाव को सकुशल सम्पन्न कराए जाने को लेकर प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक ए.पी. अंशुमान ने देहरादून में रुद्रप्रयाग जिले के प्रभारी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक की। उन्होंने उप चनुाव के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करने के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही निर्धारित मानक के अनुसार पुलिस बलों की तैनाती के लिए कार्ययोजना बनाने को भी कहा। अपर पुलिस महानिदेशक ने बताया कि केदारनाथ उपचुनाव में 162 मतदान केन्द्र और 173 मतदेय स्थल बनाये गये हैं। साथ ही जिले को 27 सैक्टर और 2 जोन में बांटा गया है। इनकी निगरानी के लिए 8 एफ0एस0टी0 और 10 एस0एस0टी0 टीमों का गठन किया गया है।

भिक्षावृत्ति रोकथाम

देहरादून में चाइल्ड हेल्पलाइन, सीडब्लूसी, प्रोबेशन टीम ने भिक्षावृत्ति में लिप्त तीन बच्चों को बल्लूपुर चौक से रेस्क्यू किया है। इनका मेडिकल कराने के बाद बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से तीनों को बालिका निकेतन भेज दिया गया। गौरतलब है कि जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर देहरादून में भिक्षावृत्ति को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिला प्रोबेशन अधिकारी के अधीन तैनात होमगार्ड, भिक्षावृत्ति करते हुए पाए गए बच्चों को रेस्क्यू करने में जुटे हैं।